हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा



06 इंडस्ट्रियल लैंड के नामांतरण, अतिक्रमण व इंफ्रास्ट्रक्चर...





07 बर्खास्त मुख्य आरक्षी जितेंद्र गिरफ्तार, गिरोह...




## खबर संक्षेप

### मंत्री विजयवर्गीय का दौरा कार्यक्रम

**नलखेड़ा।** नगरीय विकास एवं आवास एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, 11 अप्रैल को आगर-मालवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री विजयवर्गीय, दोपहर 02:30 बजे आगर-मालवा पहुंचेगे और स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। मंत्री श्री विजयवर्गीय दोपहर 02:45 बजे आगर से सुसनेर पहुचंकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा 04:45 बजे से सुसनेर से रतलाम के लिये प्रस्थान करेंगे।

### विनय दुबे परशुराम सेना के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**नलखेड़ा।** सर्व ब्राह्मण परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा



ने आगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम प्रकाश व्यास की अनुशंसा पर बड़ागाँव निवासी विनय दुबे को आगर ग्रामीण जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री दुबे की नियुक्ति पर समाजजनों व इष्टमित्रों द्वारा उनका स्वागत कर बधाई दी गई।

### 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए जिला आपूर्ति रेशमा भामोर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव द्वारा सीहोर के साई रेस्टोरेंट, लल्लनटाप रेस्टोरेंट भोजनालय, जिरकॉन होटल, रामटी स्टॉल, कस्पी तड़का रेस्टॉरेंट, दक्षिण वाणी रेस्टोरेंट एवं राय टी स्टॉल सहित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर रेस्टोरेंट एवं प्रतिष्ठानों से 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### डॉ अंबेडकर की जयंती पर जिले में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल जिले में जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में बताया जाएगा।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जिला कांग्रेस कार्यालय से आक्रोश रैली के रूप में पहुंचे कलेक्ट्रेट

# कलेक्टर के इंतजार में 4 घंटे कलेक्ट्रेट गेट पर बैठे उमंग सिंघार, नहीं आए तो श्वान को सौंपा ज्ञापन

### कलेक्ट्रेट के गेट पर ही कांग्रेसियों ने खाए सेव परमल, दोपहर करीब 12.30 बजे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सीहोर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की राजनीति के लिए गुरुवार का दिन गर्मागर्मी वाला रहा। दरअसल, तय कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मुख्यालय पहुंचे। सिंघार के नेतृत्व में सभी कांग्रेसी, कलेक्टर को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन ज्ञापन लेने कलेक्टर नहीं आए, तो नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक कुत्ते (श्वान) को ज्ञापन सौंपकर समस्याएं सुनाईं। करीब 4 घंटे तक कलेक्ट्रेट परिसर में हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार किसान आंदोलन का आयोजन किया गया था। जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सुबह 11 बजे से ही बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जिले भर के किसान और कार्यकर्ता जुटने लगे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सीहोर पहुंचे, जिसके बाद कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना हो गया। दोपहर 1.15 बजे आक्रोश रैली निकाली गई, जो नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।

#### एडीएम पर जताई नाराजगी

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने एडीएम पर नाराजगी जताते हुए कड़े लहजे में कहा अपने कलेक्टर को समझा देना कि मैं उमंग सिंघार हूं। कलेक्टर इतने बड़े हो गए हैं कि वे किसानों की आवाज उठाने आए जनप्रतिनिधियों से भी नहीं मिल सकते। हम आपके माध्यम से मुख्यमंत्री को समस्याओं से अवगत कराना चाह रहे थे, लेकिन हमें पूरी तरह अनदेखा किया गया। उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में गिरफ्तारी की चुनौती देते हुए कहा अगर गिरफ्तार करना है तो कर लो, हम डरने वाले नहीं हैं।

#### जाते-जाते दी चेतावनी

बता दें इस प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के बड़ी संख्या पदाधिकारी शामिल हुए। उमंग सिंघार ने जाते-जाते चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का निराकरण जल्द नहीं हुआ तो पूरी प्रदेश कांग्रेस सडक़ों पर उतरेगी।





#### कलेक्टर की अनुपस्थिति पर भड़के सिंघार



कांग्रेस की मांग थी कि किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन केवल कलेक्टर बालागुरू के. ही स्वीकार करें। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण सहित तमाम वरिष्ठ नेता गेट पर ही अड़ गए। इस दौरान प्रशासन की ओर से एडीएम ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन उमंग सिंघार ने उन्हें बैरंग लौटा दिया। कलेक्टर के न आने से नाराज सिंघार कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर ही धरने पर बैठ गए। करीब 4 घंटे तक चले इस इंतजार के दौरान सिंघार ने वहीं बैठकर 'सेव-परमल' खाए और सरकार व प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

#### किसानों की प्रमुख मांगें

- खरीदी केंद्रों पर हो रही देरी को तुरंत समाप्त कर सुचारू व्यवस्था की जाए।
- किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किया जाए और मंडी में बिके गेहूं पर भावांतर का लाभ मिले।
- सरकार ने ऋण वसूली की अंतिम तारीख 31 मार्च तय की थी, जिससे 50 फीसदी किसान डिफाल्टर हो गए हैं। इस तारीख को तुरंत आगे बढ़ाया जाए।
- बिजली विभाग और बैंकों द्वारा की जा रही सख्ती को रोका जाए और बिलों में राहत दी जाए।



#### कुत्ते के गले में बांधी तख्ती




शाम 5.30 बजे तक जब कलेक्टर मुलाकात के लिए नहीं आए तो उमंग सिंघार के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने विरोध का एक बेहद तीखा रास्ता अपनाया। उन्होंने एक कुत्ते के गले में 'कलेक्टर' लिखी तख्ती बांध दी और उसे ही मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंप दिया।

## स्कूल में हुआ दर्दनाक हादसा मधुमक्खियों के हमले से 9 वर्षीय छात्र की मौत, 4 से 5 बच्चे हुए घायल

**नलखेड़ा।** जिले के सोयत कला स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है।



मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले में कक्षा चौथी के 9 वर्षीय छात्र की मौत हो गई, जबकि 4 से 5 अन्य बच्चे घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब स्कूल में बच्चे परीक्षा देने पहुंचे थे। इसी दौरान परिसर में लगे मधुमक्खी के छत्ते से अचानक बड़ी संख्या में मधुमक्खियां निकलकर उड़ने लगीं, जिससे स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान मधुमक्खियों ने कक्षा चौथी के छात्र रमन पिता सज्जन सिंह कराड़ा पर हमला कर दिया। बालक ने खुद को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह मधुमक्खियों के झुंड में घिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में 4 से 5 अन्य बच्चे भी घायल हुए हैं। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को सोयतकला के शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रमन की हालत गंभीर होने पर उसे झालावाड़ (राजस्थान) रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना से स्कूल सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं, अन्य घायलों का उपचार जारी है और प्रशासन द्वारा मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।




## गेहूं खरीदी का श्रीगणेशः पहले दिन 815 क्विंटल की खरीदी, मंडी में उपज लेकर पहुंचने लगे किसान

**सीहोर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की शुरुआत उत्साह और सम्मान के माहौल में हुई। पहले ही दिन किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी मेहनत को सम्मान दिया गया, जिससे गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। सीहोर के मंडी स्थित बिजौरी उपार्जन केंद्र और तकीपुर उपार्जन केंद्र पर गुरुवार से गेहूं खरीदी प्रारंभ हो गई। यह शुरुआत प्रतीकात्मक होने के साथ-साथ किसानों के लिए राहत भरी खबर लेकर आई। लंबे इंतजार के बाद अपनी उपज को सही मूल्य पर बेचने का अवसर मिलने से किसानों में उत्साह देखा गया।

**पहले दिन 815 क्विंटल गेहूं की खरीदी :** खरीदी के पहले दिन कुल 815 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। बिजोरी केंद्र पर 15 किसानों से 515 क्विंटल और तकीपुर केंद्र पर 6 किसानों से 300 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई। यह आंकड़ा भले शुरुआत का हो, लेकिन आने वाले दिनों में इसमें तेजी आने की संभावना है। खरीदी के शुभारंभ अवसर पर किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और तौल कांटे का पूजन किया गया।



**10 अप्रैल से सभी केंद्रों पर खरीदी :** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जिले के कुल 240 उपार्जन केंद्रों में से अभी दो पर खरीदी शुरू हुई है। शेष 238 केंद्रों पर 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। जिससे जिलेभर के किसानों को सुविधा मिलेगी। इस वर्ष जिले के 1,02,485 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से अब तक 11,200 किसान स्लॉट बुक कर चुके हैं।

**7 लाख मैट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य :** जिले में इस साल करीब 7 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। उपार्जन केंद्रों पर छायादार शेड, पीने के पानी और व्यवस्थित तौल की व्यवस्था की गई है। साथ ही, 60 से 65 प्रतिशत वारदान (बोरियां) पहले ही केंद्रों तक पहुंच चुकी हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा-स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे

# शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर पालिका ने किया वेबसाइट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर नगर पालिका द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अंतर्गत संचालित सिटी लाइवलीहुड सेंटर सीहोर के लिए वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इस सेंटर को इमैजिन ग्रुप संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस वेबसाइट के माध्यम से नागरिकों को (DAY-NULM) अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं रोजगार अवसरों की समस्त जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। साथ ही आज से ही ₹3 दिवसीय टेलीकॉलर प्रशिक्षण कार्यक्रम₹ हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं एवं रोजगार की तलाश कर रहे हितग्राहियों के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रभावी संचार कौशल, ग्राहक सेवा, कॉल हैंडलिंग तकनीक एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।



प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, साथ ही उन्हें टेलीकॉलर के रूप में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित प्रतिभागियों को कुछ मामलों में घर से कार्य करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी सुविधा अनुसार कार्य कर सकें।

वेबसाइट के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ने कहा कि सीएलसी द्वारा शुरू की गई यह वेबसाइट न केवल योजनाओं की जानकारी को सरल और सुलभ बनाएगी, बल्कि पारदर्शिता और पहुंच को भी बढ़ाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह ने कहा कि यह पहल डिजिटल सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेबसाइट के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचेगी और उन्हें लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।₹ सीएलसी संचालक अमोल पोहेकर ने बताया कि टेलीकॉलर प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को कम समय में उपयोगी कौशल प्रदान कर उन्हें आय के अवसरों से जोड़ना है।

आने वाले समय में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक ₹हैंडीमैन सर्विस मोबाइल ऐप₹ तथा स्व सहायता समूहों (SHG), स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्थानीय व्यवसायों के लिए एक ₹ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म₹ भी लॉन्च किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, नितिन तिवारी, जागृति चौहान, प्रकाश राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## गेंहू उपार्जन हुआ प्रारम्भ, प्रथम किसान का किया स्वागत

**नलखेड़ा।** तहसील में रबी फसल उपार्जन 2026-27 अंतर्गत उपार्जन केंद्रों पर शुक्रवार को गेहूं की खरीदी के कार्य का शुभारम्भ हुआ। सभी स्थानों पर तोल कांटो का पूजन कर प्रथम किसान का स्वागत किया गया। तहसील के उपार्जन केंद्र प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था बड़ागांव में श्री जी वेयरहाउस पर भी गेंहू की खरीदी का शुभारंभ तोल कांटे का पूजन कर किया गया। प्रथम किसान का अतिथियों, संस्था अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण राजपूत, नप उपाध्यक्ष लाड़सिंह राजपूत, विनय दुबे, केशव सोनी संस्था प्रबंधक कमल किशोर जोशी, संस्था कर्मचारी राधेश्याम यादव, संजय राठोर सहित समस्त कर्मचारी किसान भाई उपस्थित रहे।




## आर्य वीर दल का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर 16 से

**सीहोर।** आज आर्य समाज गंज सीहोर के सभागृह में आर्य समाज, आर्यवीर दल एवं भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों की एक सभा आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 16 मई से लेकर 25 मई तक सीहोर में एक प्रांत स्तरीय आर्य वीर दल के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे प्रांत से 500 से अधिक युवाओं के सम्मिलित होंगे । शिविर में युवाओं को शारीरिक आत्मिक व आध्यात्मिक उन्नति हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु आर्य वीर दल के राष्ट्रीय स्तर के आचार्य उपस्थित होंगे जो बच्चों को 10 दिन तक विभिन्न विषयों में पारंगत करेंगे। इस शिविर में युवाओं एवं बच्चों को शरीर निर्माण, आत्मरक्षा, सनातन धार्मिक शिक्षा योग एवं विभिन्न अस्त्र-शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

चरित्र निर्माण हेतु लगाया जा रहा है यहां शिविर पूर्ण कालिक होगा जिसमें सभी के ठहरने रहने एवं भोजन आदि की व्यवस्था उच्च कोटि की रहेगी ।कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी अखिलेश राय भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व एक वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें अखिलेश राय एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने आहुतियां दी। वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश का जन्मदिन होने के कारण यज्ञ के पश्चात सभी ने पुष्प वर्षा कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में बोलते हुए अखिलेश राय ने वर्तमान समय में युवाओं में धार्मिक शिक्षा एवं चरित्र निर्माण हेतु इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। आपने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर समाज में होते रहना चाहिए जिससे कि हमारे युवा विभिन्न व्यसनों से बचें शरीर निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

## खबर संक्षेप

### रईस कामदार जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रभारी हरीश चौधरी की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने रईस कामदार को जिला कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। कामदार की नियुक्ति पर उन्हें आरिफ मेंव, हारिस गजधर, गौरव जोशी, रियाज नागौरी, परवेज़ शेख, राजेश अग्रवाल, मुकेश मोदी, अमजद छोटू जागीरदार, एजाज शेख नीलम, दीपेश हरोडे, शाहिद मोदी, मनोज सांगते, गुड्डू सागर, अकरम हुसैन, सुजीत सांगते,जितेंद्र गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह छोटू दरबार, महेंद्र सिंह दरबार, महिपाल सिंह तवर जितेंद्र सिंह दरबार राजपाल सिंह बैस आदि ने बधाई दी है।

### ग्रीष्म ऋतु में गौवंश की सेवा हेतु आधुनिक पहल

**देवास।** ग्रीष्म ऋतु की तीव्र गर्मी को ध्यान में रखते हुए शंकरगढ़ गौशाला में गौवंश की सेवा एवं देखभाल के लिए एक सराहनीय पहल की गई। संस्था अभिरंग द्वारा गौशाला हेतु हाई प्रेशर क्लीनर मशीन का क्रय किया गया, जिससे गौवंश को गर्मी से राहत प्रदान की जा रही है। इस मशीन के माध्यम से गायों की बॉडी मसाज की गई एवं उनके शरीर पर जमी गंदगी (गिचोड़ी) को साफ किया गया, जिससे पशुओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य लाभ मिला। यह मशीन महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं आयुक्त दलीप कुमार की प्रेरणा से क्रय की गई, जिसे स्वास्थ्य निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी हरेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में गौशाला स्टाफ को सुपुर्द किया गया। इस अवसर पर गौशाला संचालक बसंत वर्मा एवं स्टाफ द्वारा गौवंश को स्नान कराया गया। साथ ही, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन द्वारा गौवंश का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम में गौशाला संचालक बसंत वर्मा एवं संदीप बैरागी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री के पदाधिकारियों की ली बैठक

# इंडस्ट्रियल लैंड के नामांतरण, अतिक्रमण व इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मुद्दों पर हुआ मंथन

**बैठक में ट्रीटेड पानी, गैस और पार्किंग पर मंथन, कलेक्टर, निगमायुक्त और उद्योगपतियों संग हुई अहम चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगरीय विकास विभाग के निर्देश पर देवास में उद्योगों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्री कार्यालय में हुई इस बैठक में 40–50 उद्योगपति, एमपीआईडीसी, नगर निगम और डीआईसी के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में ट्रीटेड वाटर सप्लाई, गैस उपलब्धता और औद्योगिक क्षेत्र की पार्किंग व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।नगर निगम कमिश्नर दलीप कुमार ने उद्योगों के लिए सीवेज के ट्रीटेड पानी उपयोग का प्रस्ताव रखा और इसे सस्ता व स्थाई समाधान बताया।



हालांकि उद्योगपतियों ने वेलस्पन कंपनी के साथ 30 वर्ष के त्रिपक्षीय अनुबंध का हवाला देते हुए कानूनी पहलुओं पर विचार करने की बात कही। इस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी पक्षों का परीक्षण कर व्यावहारिक समाधान निकालने के निर्देश दिए।गैस सप्लाई सुदृढ़ करने और नए पार्किंग विकसित करने के निर्देशपार्किंग समस्या को लेकर उद्योगपतियों ने अनियमित शुल्क वसूली की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने सेक्टर-2 और 3 में नए पार्किंग स्थल चिन्हित कर विकसित करने की बात कही।इसके अलावा बैठक में इंडस्ट्रियल लैंड के नामांतरण, अतिक्रमण और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि उद्योगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा और सभी विभाग समन्वय बनाकर जल्द ठोस निर्णय लें, ताकि देवास के औद्योगिक विकास को गति मिल सके।

### अजाक्स ने किया भीम रथ का स्वागत



**देवास।** मध्य प्रदेश अजाक्स जिला उज्जैन द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर बाबा साहब के जन्मोत्सव 1 अप्रैल से 14 अप्रैल तक एक पखवाड़ा तक उज्जैन जिले में निकाली जा रही संविधान धर्म जागरण यात्रा डॉ भीम राव अंबेडकर बाबा साहब (भीम रथ) के 09 अप्रैल को विजयागंज मंडी जिला देवास (म.प्र.)पहुंचने पर म.प्र.अजाक्स जिला साहित्य प्रकोष्ठ देवास एवं अजाक्स तहसील देवास टीम, डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संगठन देवास विधानसभा , डॉ अम्बेडकर विकास समिति रालामंडल तहसील देवास संयुक्त टीम द्वारा डॉ भीम राव अंबेडकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भीम रथ का स्वागत किया। इस अवसर पर अजाक्स उज्जैन संभागीय सचिव रमेश चंद्र सूर्यवंशी, उज्जैन जिला अध्यक्ष आर एल परमार , अजाक्स देवास जिला साहित्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष दयाराम मालवीय, अजाक्स पूर्व तहसील अध्यक्ष देवास तेजकुमार चौहान,अजाक्स तहसील अध्यक्ष देवास छगनलाल सोलंकी, डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संगठन देवास विधानसभा अध्यक्ष राकेश राठौड़, डॉ अम्बेडकर विकास समिति रालामंडल अध्यक्ष अंतरलाल पटवा, रेस्टोरेंट संचालक अनिल जायसवाल,मेहरबान सिंह चौहान,सुरेश चन्द्र सोलंकी, बंशीलाल केलोदिया, किशोर चौहान,शिवनारायण मालवीय,अर्जुन मालवीय, दिनेश मकवाना,कमल मकवाना, परमानंद, भगवान सिंह धानक आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी हेमराज गोखले ने दी।

# जिला परिवहन विभाग ने 18 यात्री बसों पर की कार्रवाई

**62 हजार 500 रुपए का लगाया जुर्माना**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बसों एवं अन्य वाहनों में कमी या अनियितमताएं पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया।जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि विभागीय जांच दल द्वारा देवास-भोपाल मार्ग पर यात्री वाहनों की जांच की गई। जिसमें जांच में यात्री बसों में सुरक्षा एवं सुविधा मानकों की सघन जांच की गई। चेकिंग अभियान में बसों के अंदर कई कमियां पाई गई, कुछ यात्री बसों में परमिट शर्तों का उल्लंघन पाया गया और परमिट को तय समय सीमा में न होना पाया गया। बसों में अग्निशमन यंत्र, मेडिकल बॉक्स, ओवरलोडिंग आदि की जांच की गई। बसों में कमी पाई जाने पर चालानी कार्रवाई करते हुए 18 बसों पर 62 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि आरटीओ जांच दल की चेकिंग एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों पर चालानी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# डॉ. हेनीमन जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

होम्योपैथिक मेडिकल एसो डॉ. हेनिमन विचार मंच देवास द्वारा होम्योपैथिक के जनक डॉ. हेनिमेन की जयंती 10 अप्रेल को वृद्धाश्रम बसेरा में वृद्धजनों के बीच मनाई। संस्था के संरक्षक डॉ. सुरेश शर्मा ने होम्योपेथी की जानकारी दी। संस्था के अध्यक्ष डॉ. नवीन कानूनगो ने स्वागत भाषण दिया। पूर्व अध्यक्ष डॉ. जसमतसिंह यादव ने होम्योपेथी पर प्रकाश डाला, साथ ही डॉ. महेन्द्रसिंह गालोदिया, डॉ. कृष्णपालसिंह पवार, डॉ. धर्मेन्द्र कुमावत, डॉ. मनाली कोठारी, डॉ. सुनील गोर्डे, डॉ. हरीश खरे ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रामकृष्ण शर्मा तथा वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक दिनेश चौधरी एवं वृद्धजन उपस्थित रहे। संचालन संरक्षक डॉ. सुरेश शर्मा ने किया तथा आभार डॉ. एल एस चावडा ने माना।

# शिक्षा के बाजारीकरण और 'कमीशनखोरी' के खिलाफ कांग्रेस की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती व्यावसायिकता, निजी स्कूलों की मनमानी और 'बुक माफिया' द्वारा अभिभावकों की जा रही आर्थिक लूट के विरोध में एक अनोखा और ऐतिहासिक प्रदर्शन कांग्रेस के जिला संगठन महासचिव जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में आयोजित इस ₹आधुनिक एकलव्य₹ आंदोलन के माध्यम से सरकार और प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी जाएगी।

गौड़ ने कहा कि ₹इतिहास गवाह है कि द्रोणाचार्य ने एकलव्य से केवल अंगूठा मांगा था, लेकिन आज के निजी स्कूल और प्रकाशक कमीशन के लालच में मध्यमवर्गीय अभिभावकों की पूरी हथेली (जीवन भर की कमाई) काट रहे हैं।₹ उन्होंने बताया कि शिक्षा अब सेवा नहीं बल्कि एक संगठित लूट का माध्यम बन गई है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि प्राइवेट स्कूल संचालक और स्टेशनरी संचालक की मिलीभगत से गरीब आमजन को 50 रूपये की बुक 500 रूपये में खरीदना पड़ रही है , शिक्षा में कमीशनखोरी देश को खोखला कर रही है इसके जिम्मेदार स्कूल संचालक के साथ प्रशासन और सरकार भी बराबर की जिम्मेदार है।इस विरोध प्रदर्शन में देवास के आक्रोशित अभिभावक अपने अंगूठे के 'रक्त' (प्रतीकात्मक लाल रंग) से एक विशाल श्वेत पटल पर हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज करा।

यह प्रतीकात्मक प्रदर्शन इस बात का प्रतीक होगा कि अभिभावक अब और शोषण सहने को तैयार नहीं हैं। अभिभावकों और भारी संख्या में चामुंडा कॉम्प्लेक्स पहुँचकर इस वैचारिक युद्ध का हिस्सा बनें और शिक्षा के बाजारीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद की।इस अवसर पर रितेश त्रिपाठी, हरीश गजधर, महेंद्र बाबा, नरेंद्र यादव, जाहिद पठान, राजा पडियार, गौरव सोनी, भगवान सिंह चावड़ा,गौरव जोशी,नरेंद्र पंवार, हर्ष प्रताप सिंह गौड़, किशोर चौहान, श्रीकांत चौहान, बंटू जायसवाल, हर्ष राठौर, शुभम जलोदिया, मोहित राठौर, मनीष परमार,यशवंत कुशवाहा,विशाल ठाकुर, परमानंद नेताजी, राजा धाकड़, आशीष धाकड़, राहुल ठाकुर, अरुण हाटपीपल्या, पृथ्वीराज सिंह चौहान, अभिषेक चौहान, अमन पाटीदार, रोहित दांगी, मंजीत ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# नराना में उमड़ा आस्था का सैलाब: सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



ग्राम नराना स्थित श्री पितरेश्वर महादेव परिसर में 4 अप्रैल से 10 अप्रैल तक संस्था नमामि एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ।सप्ताह भर चले इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। समापन दिवस पर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां संत श्री गोविंद जी जाने के मुखारविंद से धर्म, संस्कार और सदाचार का संदेश दिया गया।यह आयोजन संत श्री मनोहरदास त्यागी की प्रेरणा एवं पुरोहित संतोष मेहता के सात दिनों तक मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन पूरे ग्राम में भव्य कलश यात्रा एवं चल समारोह निकाला गया। यजमानों ने श्रीमद्भागवत जी को सिर पर रखकर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली।वहीं संत श्री गोविंद जी जाने एवं पुरोहित संतोष मेहता को बग्गी में विराजित कर भव्य चल समारोह निकाला गया। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा में सहभागिता की, जिससे पूरा ग्राम जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंज उठा। समापन अवसर पर महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम नराना सहित आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति, ग्रामवासियों एवं युवाओं ने सेवा भाव से पंगत में भोजन प्रसाद वितरित किया।इस भंडारे एवं चल समारोह में क्षेत्र भर से नेतागण भी पहुंचे जिसमें जिला पंचायत सदस्य महेंद्र सिंह तालोद,सोनकच्छ जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, विजय परमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेशचंद्र गुर्जर, जिला कांग्रेस महामंत्री दिलीप यादव,एव रजापुर दरबार,पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मोडरिया भौरासा नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, सहित आसपास क्षेत्र भर से नेता सहित गणमान्य लोग भी पहुंचे।

### आयुक्त का औचक निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर सख्ती

# कचरा पृथक्करण में लापरवाही, कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास


स्वच्छता सर्वेक्षण और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से आयुक्त दलीप कुमार ने विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों, नालियों, नालों और पेवर्स ब्लॉक पर जमी धूल-मिट्टी की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कई स्थानों पर सफाई में कमियां पाए जाने पर उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों और वार्ड दरोगाओं को सख्त निर्देश देते हुए सुधार के आदेश दिए। साथ ही मुख्य मार्गों के डिवाइडरों और उनके किनारों पर जमी धूल हटाने के निर्देश भी दिए गए। आयुक्त ने गार्डनों में कम्पोस्ट पिट के उपयोग को बढ़ावा देने और सार्वजनिक शौचालयों व बस स्टैंड की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से रात्रिकालीन सफाई की मॉनिटरिंग पर जोर दिया, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था निरंतर बेहतर बनी रहे।

#### कचरा पृथक्करण पर सख्ती

आयुक्त ने कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ड्राइवरों और हेल्परों को निर्देश दिए कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में ही संग्रहित कराया जाए। उन्होंने कहा कि हेल्पर रहवासियों को कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित करें और इसमें सहयोग भी करें। यदि कहीं मिक्स कचरा



पाया जाता है, तो संबंधित वार्ड दरोगा का वेतन रोके जाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए हैं। स्वच्छता अभियान के तहत आयुक्त ने उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर और वित्त उपायुक्त दीपक पटेल को



भी अपने-अपने जोन में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर कचरा मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए तत्काल सफाई कराने के आदेश दिए गए।

# राहुल गांधी की मौजूदगी में राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुए कल्याणे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति विभाग द्वारा कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित नेशनल मीटिंग ऑफ डीसीसी (नेशनल स्टेट) में देवास के अनुसूचित जाति विभाग के शहर अध्यक्ष धीरज कल्याणे ने भाग लेकर संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका का परिचय दिया। बैठक में राहुल गांधी की उपस्थिति में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।






जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम ने अनुसूचित जाति वर्ग में नेतृत्व को सशक्त करने तथा इंड्यिन नेशनल कांगेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया। बैठक में 14 राज्यों के पदाधिकारियों के साथ संगठन विस्तार और आगामी चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई। नव नियुक्त शहर अध्यक्ष धीरज कल्याणे के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण रही। शीर्ष नेतृत्व के साथ सीधे संवाद और मार्गदर्शन को उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का अहम अवसर बताया। धीरज कल्याणे ने कहा कि वे कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करेंगे तथा आने वाले नगरीय निकाय, विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूती देने के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### विद्युत विभाग की तानाशाही, अधिवक्ता हड़ताल करेंगे

**मड़ावरा (ललितपुर)।** बार एसोसिएशन मडावरा की एक आवश्यक बैठक बीती शाम 4 बजे कपिलदेव दुबे एड. की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें 31 मार्च को वरिष्ठ अधिवक्ता बृजलाल साहू एड. के साथ विद्युत विभाग जे.ई. मनोज कुमार द्वारा घटित घटना के सम्बंध में 31 मार्च को थानाध्यक्ष मड़ावरा को दिये गये प्रार्थना पत्र एवं 01 व 4 अप्रैल को आयुक्त झांसी मण्डल को फिर से 8 अप्रैल को जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन के सम्बंध में प्रशासन एवं द्वारा जे.ई. विद्युत विभाग के खिलाफ कोई सुनवाई एवं कार्रवाई नहीं किये जाने के कारण पूर्वानुसार अवगत कराये गये क्रम में समस्त अधिवक्तागण 10 अप्रैल से समस्या के निस्तारण तक किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई सहयोग नहीं करेंगे एवं न्यायिक कार्य से विरत रहकर आन्दोलन करने की चेतावनी दी। 10 से 12 अप्रैल तक क्रमिक अनशन, 13 से 15 अप्रैल तक आमरण अनशन, 16 अप्रैल से समस्या के निस्तारण तक भूख हड़ताल तहसील परिसर में की जायेगी। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष कपिल देव दुबे समेत समस्त बार संघ एबं अधिवक्ता मौजूद रहे।

### अश्लील वीडियो बनाकर रुपए वसूलने का आरोप

**ललितपुर।** थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस ने दुष्कर्म एवं आईटी एक्ट से जुड़े गंभीर मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस टीम प्रकरण में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त राजस्थान राज्य के जिला कोटपूतली थाना हरसौरा के माजरा अहीर निवासी मोनू शर्मा पुत्र गजानंद शर्मा है। आरोप है कि उसने महिला का व्हाट्सएप के माध्यम से अश्लील वीडियो बनाकर उसके रिश्तेदारों को भेजने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर 7-8 हजार रुपये वसूल किए। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता के साथ गलत कार्य करने का भी प्रयास किया। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर 10 फरवरी को मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण दिया

**ललितपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का परीक्षण प्रदान किया गया तथा जन जागरूकता अभियान चला कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाने के उद्देश्य से किया गया। सत्र के दौरान छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप, घरेलू हिंसा, वन स्टॉप सेंटर, 181 हेल्पलाइन नंबर एवं समस्त टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई, साथ ही बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं महिला संबंधी कानून और बालिकाओं को गुड टच, बेड टच के बारे में जागरुक किया गया। इस दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया तथा उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला थानाध्यक्ष अनीता, महिला आरक्षी सिमरन, आंचल, विद्यालय के प्राध्यापक , डीएमसी ममता श्रीवास, सखी वन स्टॉप सेंटर से परामर्शदाता पूनम शर्मा, शैडो पावर ग्रुप से प्रशिक्षण देने वाली बालिकाओं में महक, श्रद्धा, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की मौजूदगी में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में आप उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार नामदेव, बसपा से कपिल कुमार एवं कार्यालय प्रभारी नीरज, भाजपा उपाध्यक्ष महेश कुमार, सपा से अरशद मंसूरी, अपना दल (एस) से महासचिव सोहनलाल निरंजन तथा मनरेगा से जिला समन्वयक जसपाल सिंह उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 27 अक्टूबर 2025 से 1 अप्रैल 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की गई थीं। इनके निस्तारण के उपरांत अंतिम प्रकाशन में कुल 36,743 नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए, जबकि 5,571 नाम हटाए गए और 7,999 प्रविष्टियों में संशोधन किया गया। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जनपद की दोनों विधानसभा क्षेत्रों ललितपुर एवं महरौनी में कुल 8,94,984 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें ललितपुर विधानसभा क्षेत्र में 4,52,604 तथा महरौनी विधानसभा क्षेत्र में 4,42,380 मतदाता शामिल हैं। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची सभी मतदान स्थलों, निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में एक सप्ताह तक निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। साथ ही इसे ऑनलाइन पोर्टल एवं ऐप के माध्यम से भी देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल नहीं हो पाया है, वे निरंतर पुनरीक्षण प्रक्रिया के अंतर्गत फार्म-6 के माध्यम से नाम जुड़वाने, फार्म-7 से नाम हटवाने तथा फार्म-8 से संशोधन/स्थान परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकते हैं। बैठक के अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का सहयोग हेतु आभार जताया।

## साथियों को वाट्सएप पर आत्महत्या का स्टेटस लगाने के लिए उकसाता था

# बर्खास्त मुख्य आरक्षी जितेंद्र गिरफ्तार, गिरोह बनाकर वसूली व ब्लैकमेलिंग का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**कोतवाली पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर अवैध वसूली, ब्लैकमेलिंग और आपराधिक षडयंत्र में संलिप्त बर्खास्त मुख्य आरक्षी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है।**



आरोपी पर मुकदमों में नाम निकलवाने के नाम पर पैसे लेने, लोगों को ब्लैकमेल करने, जमीनों पर अवैध कब्जा कराने तथा पुलिस पर दबाव बनाने के लिए साजिश रचने जैसे गंभीर आरोप हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह एवं सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली में दर्ज मुकदमा के तहत बर्खास्त मुख्य आरक्षी महानगर झांसी के थाना सीपरी बाजार अंतर्गत मोहल्ला प्रेमगंज निवासी जितेन्द्र सिंह यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस महकमे द्वारा बताया जा रहा है कि आरोपी जितेन्द्र यादव अपने साथी सत्यभान उर्फ गोलू यादव के साथ मिलकर गिरोह बनाकर लोगों से अवैध वसूली करता था। वह मुकदमों में नाम निकलवाने और जेल न भेजने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलता था। एक मामले में बजाज फाइनेंस के आरोपी दिनेश कार्तिक का नाम हटवाने के एवज में 60 हजार रुपये लेने की बात सामने आई है।

#### ब्लैकमेलिंग और साजिश का जाल

आरोपी द्वारा पुलिसकर्मियों व आम नागरिकों की बातचीत रिकॉर्ड कर उन्हें ब्लैकमेल करने और पैसे ऐंठने का भी खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं, दुर्घटना संबंधी मामलों में गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर बदलवाने के लिए विवेचकों पर दबाव बनाया जाता था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अपने साथियों को वाट्सएप पर आत्महत्या का स्टेटस लगाने के लिए उकसाता था, जिससे पुलिस दबाव में आ जाए।

#### पूछताछ में कबूला जुर्म

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि गलत संगत में पडने और बढ़ते खर्चों के कारण उसने अपराध का रास्ता अपनाया। उसने बताया कि प्रभावशाली लोगों से संबंध होने का झांसा देकर आम लोगों से पैसे वसूलता था और मुकदमों में राहत दिलाने का भरोसा देता था।

#### आपराधिक इतिहास भी सामने आया

जितेन्द्र यादव के खिलाफ पहले से ही कोतवाली ललितपुर में कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराएं शामिल हैं। पुलिस ने उसके पास से एक वीवो मोबाइल फोन और 800 रुपये नकद भी बरामद किए हैं।

#### पुलिस टीम को मिली सफलता

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने सर्विलांस और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी की टीम की प्रमुख भूमिका रही।

## मंडी का निरीक्षण किया

### मंडी के नीलामी चबूतरों पर रखेंगे किसानों की उपज, व्यापारियोंः डीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी श्सत्य प्रकाश ने नवीन मण्डी स्थल एवं विशिष्ट मण्डी स्थल अमरपुर के निरीक्षण के साथ-साथ मण्डी परिसर में संचालित गेहूं केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि नवीन मण्डी स्थल में निर्मित समस्त नीलामी चबूतरों को किसान की कृषि उपज की विक्री के उपयोग के लिये रखा जाये, उन पर किसी भी व्यापारी द्वारा भण्डारण न किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नवीन मण्डी स्थल में निर्मित कृषक विश्राम गृह को किसानों के उपयोग के लिये प्रतिदिन खोला जाये, मण्डी परिसर में प्रतिदिन नियमित रुप से साफ-सफाई करायी जाए। कृषकों द्वारा विक्रय हेतु लाये गये कृषि उत्पादों की नीलामी कराते हुये अधिकतम मूल्य पर कृषि उत्पादों की बिक्री करायी जाये तथा किसानों के कृषि उपज की तौल नियमानुसार करायी जाये। उन्होंने मण्डी परिसर में संचालित एफसीआई के गेहू क्रय केन्द्र पर किसानों की भीड़ एवं खराब मौसम को देखते हुये एक अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा उपलब्ध कराने एवं मण्डी में आने वाले कृषकों, व्यापारियों, पल्लेदारों आदि के लिये पेयजल की व्यवस्था एवं छायादार स्थान उपलब्ध कराने के निर्देश मण्डी सचिव को को दिये। इसके उपरान्त उन्होंने विशिष्ट मण्डी स्थल अमरपुर में संचालित गेहूं क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों की भीड/खराब मौसम को देखते हुये मण्डी सचिव को निर्देशित किया गया कि एफसीआई क्रय केन्द्र पर 04 अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटें, विपणन शाखा, पीसीएफ के दो क्रय केन्द्रों पर 01-01 अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा उपलब्ध कराये जायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/जिला खरीद अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, मंडी सचिव सहित यातायात प्रभारी व कृषक बंधु उपस्थित रहे ।

## साधना सप्ताह संपन्न

### चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर, स्टाफ को प्रेरित किया गया



**ललितपुर।** केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के निर्देश पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह 2 से 8 अप्रैल 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला ने नवनिर्मित चिकित्सालय के लेक्चर थिएटर-5 में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान समस्त संकाय सदस्यों, चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवं कार्यालय स्टाफ ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सहायक आचार्य कम्युनिटी मेडिसिन डा.सूर्यवीर ने मिशन कर्मयोगी के विभिन्न मॉड्यूल एवं पिलर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने सभी कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बताया गया कि 4 अप्रैल को समूह चर्चा में डा.देश निधि सिंह ने चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार रखे। 6 अप्रैल को पैनल चर्चा में डा.सूर्यवीर सिंह गुर्जर ने दक्ष कार्यक्रम तथा निष्क्रिय उपयोगकर्ताओं को सक्रिय बनाने पर मार्गदर्शन दिया। 7 अप्रैल को डा.मनोज सोनी ने रोगियों की देखभाल एवं प्रबंधन विषय पर समूह चर्चा आयोजित की, जिसमें प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। 8 अप्रैल को समापन सत्र में प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला एवं डा.देश निधि सिंह ने पूरे सप्ताह की गतिविधियों का सारांश एवं निष्कर्ष प्रस्तुत किया।

इस मौके पर महिला चिकित्सालय के सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, डा. मधुरेन्द्र सिंह राजपूत, डा.आकृति यादव, डा.डी.बी. सिंह, डा.अभ्योदय शर्मा, डा.पवन सूद, डा.चेतन राज, डा.एम.सी. गुप्ता, डा.मनीष माथुर, डा.रूपाली वर्मा, डा.प्रियंका गुर्वेले, डा.मोहित जैन, डा.अंकित शर्मा, डा.सुधीर रजक, डा.जगदीश इटालिया, डा.प्रिया जैन, डा.विमल यादव, डा.प्रदुमन, डा.सतेन्द्र प्रजापति, डा.योगेन्द्र सिंह, डा.तुषार शुक्ला, डा.सोनिया कसोधन, डा.नम्रता द्विवेदी, डा.अभीजात कुलश्रेष्ठ, डा.पूजा गुप्ता (पैथोलॉजी), डा.श्रृद्धा गुप्ता, डा.पूजा (माइकोबायोलॉजी), डा. रिवकान्त वर्मा, डा.दिव्या स्वामी, डा.सौरभ साहू, डा. अंजली अग्रवाल सहित समस्त विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य आदि मौजूद रहे।

### एक निरीक्षक, दो उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**ललितपुर।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने एक निरीक्षक एवं दो उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। आदेश के अनुसार स्थानान्तरित अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के तहत निरीक्षक हरिशंकर को एएचटी से हटाकर प्रभारी निरीक्षक थाना गिरार नियुक्त किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह को थाना तालबेहट से स्थानांतरित कर थानाध्यक्ष नाराहट बनाया गया है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक महेन्द्र पाल को चौकी प्रभारी पारौन से हटाकर थानाध्यक्ष बालाबेहट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए इस फेरबदल को जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### देशभर से हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे, मुनि प्रमाणसागर महाराज 18 को देंगे जैनेश्वरी दीक्षा



**ललितपुर।** शाश्वत सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेदशिखरजी की पावन धरा पर 18 अप्रैल को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण साकार होने जा रहा है, जब पूज्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज अपने शिष्यों को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान करेंगे। इस भव्य आयोजन में ललितपुर सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अभिनंदनोदय अतिशय तीर्थक्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर ललितपुर के वरिष्ठ प्रबंधक एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद पंकज जैन मोदी ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मजागरण और वैराग्य का अद्भुत संगम होगा। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मुनिश्री अपने शिष्यों सहित सम्मेदशिखरजी में मंगल प्रवेश करेंगे, जिसके बाद 18 अप्रैल को दीक्षा का भव्य आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि यह अवसर वर्ष 1968 के उस स्वर्णिम इतिहास की याद दिलाएगा, जब मुनि ज्ञानसागर महाराज ने एक महान संत को दीक्षा देकर संयम की परंपरा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज आज धर्म, समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि मुनिश्री प्रमाणसागर महाराज का जन्म हजारीबाग में सेठी परिवार में नवीन कुमार के रूप में हुआ था। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में बाल्यकाल व्यतीत करते हुए वह आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के व्यक्तित्व से प्रभावित हुए और मात्र 18 वर्ष की आयु में ब्रह्मचर्य व्रत धारण कर लिया। वर्ष 1988 में सिद्धक्षेत्र सोनागिर में उन्होंने जैनेश्वरी दीक्षा लेकर संयम मार्ग को अपनाया। दीक्षा के पश्चात उन्होंने मध्य प्रदेश को अपनी कर्मस्थली बनाकर भगवान महावीर के अहिंसा, करुणा और आत्मशुद्धि के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। वर्ष 2005 में सम्मेदशिखरजी की तलहटी में गुणायतन एवं सेवायतन की स्थापना कर धर्म को आधुनिक तकनीक से जोडऩे का अभिनव कार्य किया।

### बेटे की बीएएमएस पढ़ाई के नाम पर 20 लाख की ठगी, कोतवाली में केस दर्ज

**ललितपुर।** शहर के रावतयाना मुहल्ले के अमन झा ने अपने पिता मुकेश झा के नाम से ली गई लोन राशि और सब्सिडी का पैसा हड़पने का आरोप लगाते हुए सरदार मनोज सिंह पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने बेटे की पढ़ाई का बहाना बनाकर परिवार को 20 लाख रुपये का चूना लगाया। पीड़ित ने बताया कि एनएच-44 झांसी-ललितपुर रोड पर बड़ी नहर के पास परिवार की दुकान शिवलाल झां को किराए पर दी गई थी। शिवलाल के साथ पार्टनरशिप में कस्बा बांसी निवासी सरदार मनोज सिंह पुत्र बलराम सिंह काम करता था।

एक दिन दुकान पर बैठे अमन के पिता ने बड़े बेटे अमित झा को बीएएमएस कराने की चर्चा की। इसी दौरान सरदार मनोज सिंह ने मीठी बातों में फंसाया और कहा कि चिंता मत करो, मेरी बैंक में अच्छी पहचान है। कम ब्याज पर लोन दिलवा दूंगा, सरकार की सब्सिडी भी दिलवा दूंगा। उसने दो लोन स्वीकृत करवाने का झांसा दिया। बताया कि कुल 50 लाख रुपए 30 लाख लिमिट + 20 लाख सीसी कैश क्रेडिट। साथ ही 17.50 लाख रुपये सरकारी सब्सिडी और 7.50 लाख रुपये अन्य सब्सिडी का लालच दिया।

परिवार ने पूरा भरोसा कर सभी दस्तावेज सरदार मनोज सिंह को सौंप दिए। आरोपी ने 8 लाख रुपये सी.ए., पंजाब नेशनल बैंक (गुडलक होटल शाखा) के तत्कालीन मैनेजर और खादी उद्योग कर्मचारियों के नाम से निकाल लिए। 18 लाख रुपये की मशीनरी उसके अपने फर्म रूप एग्रो इंडस्ट्रीज, शिवा इंडस्ट्रीज (राइस मिल रोड, टिब्बी हरिसिंह बाला, सरदोईगढ़, पंजाब) और कुमार ट्रेडर्स (चौकाबाग, ललितपुर) से मंगवाई गई। 1,65,280 रुपये एफडी के नाम पर अपने खाते में डलवा लिए। मशीनरी आई तो जानबूझकर कई पाट्र्स नहीं लगवाए गए, जिससे मशीनरी बंद पड़ी है। जब परिवार ने मशीनरी पूरी करवाने या पैसा वापस करने को कहा तो आरोपी टालता रहा। बाद में पता चला कि वह इसी तरह कई लोगों से ठगी करता है।

## जिला अस्पतालों तथा चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ेंगे

# हृदय रोग के मरीजों को त्वरित इलाज के लिए 'केयर नेटवर्क'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि हृदय रोग के उपचार के लिए 'केयर नेटवर्क' की शुरुआत उत्तर प्रदेश सरकार ने हृदय घात (हार्ट अटैक) के मरीजों को त्वरित और बेहतर इलाज प्रदान करने के उद्देश्य से एक महात्वाकांक्षी पहल 'केयर नेटवर्क' का विस्तार किया है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के चिकित्सा संस्थानों और जिला अस्पतालों तथा चिन्हित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को एक विशेष नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है, ताकि दिल का दौरा पड़ने के 'गोल्डन ऑवर' (शुरुआती महत्वपूर्ण समय) में मरीज की जान बचाई जा सके। नोडल अधिकारी स्टेमी कार्यक्रम डॉ अमित तिवारी ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत, प्रदेश के प्रमुख संस्थान जैसे डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान और किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय 'हब' के रूप में कार्य करेंगे, जबकि जिला अस्पताल और अन्य चिकित्सा इकाइयां 'स्पोक' के रूप में इनसे जुड़ी रहेंगी। जनपद ललितपुर में स्टेमी केयर नेटवर्क के रूप में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा, महरौनी तथा तालबेहट को शामिल किया गया है। यदि किसी मरीज को सीने में तेज दर्द, सांस फूलने या घबराहट जैसी शिकायत होती है, तो स्पोक सुविधा पर तत्काल ईसीजी किया जाएगा और उसकी रिपोर्ट सीधे हब अस्पताल के विशेषज्ञों को ऑनलाइन माध्यम से भेजी जाएगी। हब के विशेषज्ञों से सलाह मिलते ही, यदि आवश्यक हो, तो मरीज को वहीं पर थ्रॉम्बोलाइसिस (थक्का घोलने वाला इंजेक्शन) दिया जाएगा।

सरकार ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी सुविधाओं में टेनेक्टप्लेस इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करें और इसका पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखें। इस इंजेक्शन को वजन और उम्र के अनुसार सटीक मात्रा में देने के लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है, जिसमें दवाओं की खुराक, ईसीजी के नियम और रेफरल की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से निर्धारित है। आपातकालीन स्थिति में मरीज को हब अस्पताल तक पहुँचाने के लिए एम्बुलेंस की त्वरित व्यवस्था और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए डिजिटल डैशबोर्ड का उपयोग किया जाएगा।

### डिप्थीरिया की रोकथाम के लिए बड़े स्तर पर तैयारी, विद्यालयों में टीकाकरण होगा

ललितपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि डिप्थीरिया की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा एक विस्तृत टीकाकरण अभियान की रूपरेखा तैयार की गई है। यह अभियान मुख्य रूप से 20, 21, 23, 24, 27, 28 और 30 अप्रैल, 2026 को प्रदेश के सभी जनपदों के स्कूलों में चलाया जाएगा। अभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियों का एक समय चक्र निर्धारित किया गया है, जिसकी शुरुआत 9 अप्रैल को राज्य स्तरीय ज़ूम संवेदीकरण मीटिंग से हो गई है। इसके पश्चात 10 अप्रैल को जनपद स्तर पर जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जा रही है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ शिव प्रकाश ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर स्कूल आधारित कार्ययोजना तैयार की जा रही है। ब्लॉक और स्कूल स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करने के लिए 13 से 16 अप्रैल के बीच ब्लॉक स्तरीय समन्वय बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक ए.एन.एम. को अपने उपकेंद्र या शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों को सूचीबद्ध कर अपना व्यक्तिगत माइक्रोप्लान तैयार करना होगा। इन माइक्रोप्लान को संकलित कर 18 अप्रैल, 2026 तक अनिवार्य रूप से राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाएगा। यह विशेष सत्र केवल उन दिनों आयोजित किए जाएंगे जब नियमित टीकाकरण (बुधवार और शनिवार) का कार्य नहीं हो रहा हो। इस अभियान के तहत तीन विशिष्ट आयु वर्गों के बच्चों को टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। इसमें 5-6 वर्ष की आयु के बच्चों (कक्षा-1) को डी.पी.टी.-2 बूस्टर से कवर किया जाएगा।

## कुरावर में केबलीकरण कार्य के बीच बड़ा हादसा टला

# नप कर्मी को लगा करंट, विद्युत विभाग पर आरोप, बिना सूचना काटे कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर में चल रहे केबलीकरण कार्य के दौरान लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे वार्ड क्रमांक 14, नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्टेट लैंप लगाने पहुंचे नगर परिषद के विद्युत कर्मचारी नवीन वर्मा (35) अचानक करंट की चपेट में आ गए। हालांकि मौके पर मौजूद सहकर्मी अशोक मीणा की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया और कर्मचारी को गंभीर चोट नहीं आई।

घटना के तुरंत बाद घायल कर्मचारी को गवली प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे खतरे से बाहर बताया गया। सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप बना और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सैन मौके पर पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। बताया जा रहा है कि पिछले एक माह से विद्युत विभाग द्वारा नगर में केबलीकरण कार्य किया जा रहा है, लेकिन नगर परिषद को इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। आरोप है कि इस दौरान स्ट्रीट लाइट के कनेक्शन काट दिए गए और कई स्थानों पर दोबारा जोड़े भी नहीं गए, जिससे रात में अंधेरा बना रहता है। इतना ही नहीं, इस अवधि में नगर परिषद के करीब 18 लैंप भी गायब होने की बात सामने आई है। नगर परिषद ने बिना अनुमति कार्य किए जाने को लेकर पुलिस थाना और संबंधित विभाग को लिखित शिकायत भी दी है। अधिकारियों के अनुसार, मध्य प्रदेश शासन के नियमों के तहत किसी भी विद्युत कार्य से पहले स्थानीय निकाय को सूचना देना अनिवार्य होता है, ताकि समन्वय और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### नियमों की अनदेखी पड़ी भारी

नियमों के मुताबिक विद्युत विभाग को पूर्व सूचना देकर ही कार्य करना चाहिए, ताकि स्ट्रीट लाइट व्यवस्था प्रभावित न हो और सुरक्षा उपाय किए जा सकें। लेकिन इस मामले में लापरवाही के चलते न केवल नगर की रोशनी व्यवस्था बाधित हुई, बल्कि एक कर्मचारी हादसे का शिकार भी हो गया।

### अधिकारियों का कहना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सैन ने कहा कि विद्युत विभाग ने केबलीकरण कार्य की कोई जानकारी नहीं दी। ह्लउन्होंने हमारे लैंप के कनेक्शन हटा दिए और कई लैंप गायब हो गए। इसकी शिकायत हमने पुलिस में की है। आज हमारा कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने गया था, जहां वह करंट की चपेट में आ गया।

वहीं विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता सत्येंद्र सिंह का कहना है कि यदि नगर परिषद द्वारा पहले सूचना दी जाती, तो विभाग बिजली बंद कर लाइनमैन उपलब्ध कराता। ह्लसमन्वय के अभाव में यह घटना हुई है। इस घटना के बाद नगर में विभागीय समन्वय, सुरक्षा व्यवस्था और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## भूजल के स्तर को मिलेगी बढ़त, आमजन को होगी राहत

# पीलूखेड़ी में लाखों की लागत के चेक डैम का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



ग्राम पीलूखेड़ी में गुरुवार सुबह 11 बजे ग्रामीण विकास और जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। हिन्दुस्तान कोको कोला प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्राम गिलाखेड़ी के किसानों के हित में लाखों रुपए की लागत से चेक डैम का निर्माण कराया गया, जिसका विधिवत लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ इच्छीत गढ़पाले द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि कोका-कोला कंपनी की यह पहल क्षेत्र के किसानों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि चेक डैम के निर्माण से वर्षा जल का संचयन संभव होगा, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि होगी और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

जिला पंचायत सीईओ इच्छीत गढ़पाले ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र की ऐसी भागीदारी ग्रामीण विकास के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के इस प्रयास का सकारात्मक प्रभाव आसपास के क्षेत्रों में भी देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस परियोजना को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर महामंत्री लखन राजपूत, जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश मीणा, जनपद सदस्य कमला प्रसाद शर्मा, सरपंच ज्ञान सिंह, भोला सिंह राणावत, गोविंद मीणा, गजराज सिंह राजपूत, राजेश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने चेक डैम निर्माण के लिए कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खेती-किसानी को नया संबल मिलेगा और जल संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

## मंत्रालय ने 31 मार्च से बंद कर दी थी सुविधा

# संसद के प्रयास लाए रंग, डाकघर में फिर शुरू हुआ रेलवे आरक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में 31 मार्च से बंद की गई रेलवे रिजर्वेशन सुविधा को मंत्रालय ने फिर से बहाल कर दिया है। दरअसल, रेलवे का मानना था कि पोस्ट ऑफिस से कम संख्या में टिकट आरक्षित हो रहे हैं। ऐसे में आरक्षण की सुविधा बंद कर दी गई थी। आरक्षण सुविधा बंद होने से रेल यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यात्रियों को या तो उन्हें चुनिंदा ऑनलाइन सेंटर जाकर टिकट बुक करवाना पड़ रहे थे या मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर ब्यावर जाना पड़ रहा था। रेल यात्रियों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर ने रेल मंत्रालय को पत्र लिखते हुए आरक्षण सुविधा को यथावत चालू करने का आग्रह किया था। सांसद नगर के पत्र पर संज्ञान लेते हुए मंत्रालय के अधिकारियों ने सितंबर 2026 तक राजगढ़ मुख्यालय के हेड पोस्ट ऑफिस में टिकट आरक्षण सुविधा अनवरत चालू रखने का निर्णय लिया है। रेलवे के इस निर्णय से आम जनों एवं रेल यात्रियों में खुशी का माहौल है।

# भोपाल कमिश्नर के आदेश की खुलेआम अवहेलना!

## 8 माह बाद भी गीता बाई को नहीं मिला हक, जिला प्रशासन सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

कुरावर नगर के वार्ड क्रमांक 4 से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां उच्च प्रशासनिक आदेशों को भी स्थानीय स्तर पर दरकिनार किया जा रहा है। पीड़ित गीता बाई, पति स्व. कैलाश नारायण परिहार, पिछले दो दशकों से अपनी ही जमीन के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और कथित राजनीतिक दबाव के चलते आज तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया।

### क्या है पूरा मामला

वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में गीता बाई को विधिवत पट्टा आवंटित किया गया था। इसके बाद उन्होंने सीमांकन और तर्मिम की प्रक्रिया पूरी कर नायब तहसीलदार टप्पा कुरावर और नरसिंहगढ़ एसडीएम न्यायालय में अपना पक्ष मजबूत करते हुए केस भी जीता। इसके बावजूद जमीन का वास्तविक कब्जा आज तक नहीं दिया गया, जो सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल खड़े करता है।

### कमिश्नर का आदेश भी बेअसर

जनवरी 2025 में भोपाल संभाग के अपर आयुक्त द्वारा स्पष्ट आदेश जारी कर गीता बाई को जमीन का कब्जा दिलाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 8-9 महीने बीत जाने के बाद भी जिला कलेक्टर स्तर पर इस आदेश को लागू नहीं किया गया। क्या यह सिर्फ लापरवाही है या फिर जानबूझकर आदेशों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है?

### राजनीतिक दबाव या प्रशासनिक मिलीभगत

स्थानीय स्तर पर आरोप हैं कि कुछ प्रभावशाली लोगों एवं संस्थानों द्वारा उक्त जमीन पर कब्जा बनाए रखने की कोशिश की जा रही है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन राजनीतिक दबाव में काम कर रहा है? या फिर जानबूझकर एक गरीब महिला को उसके हक से वंचित किया जा रहा है?

### दर-दर भटकने को मजबूर पीड़ित परिवार

गीता बाई और उनके पुत्र लगातार तहसील, एसडीएम कार्यालय और अन्य शासकीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं फिर भी हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है, कार्रवाई नहीं।

### गंभीर सवाल खड़े करता मामला

जब कमिश्नर स्तर से आदेश हो चुका है, तो पालन क्यों नहीं? क्या जिला प्रशासन खुद को कानून से ऊपर मान रहा है? आखिर कब तक एक गरीब महिला को न्याय के लिए भटकना पड़ेगा? यह मामला सिर्फ एक जमीन विवाद नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और न्याय व्यवस्था की परीक्षा बन चुका है। अगर उच्च अधिकारियों के आदेश भी जमीन पर लागू नहीं हो रहे, तो आम नागरिक आखिर किस पर भरोसा करे? क्या गीता बाई को उनका हक मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा?

मेरी जमीन का कब्जा मुझे कुरावर के कुछ नेताओं द्वारा नहीं दिया जा रहा है और सरस्वती शिशु मंदिर के कर्मचारियों द्वारा भी मुझमें पीड़िता को परेशान किया जा रहा है वही इस पूरे मामले में पीड़िता का कहना है कि मुझ बेवा को जमीन का कब्जा नहीं दिया जा रहा है जिला कलेक्टर राजनीतिक दबाव के कारण मुझ गरीब को परेशान कर रहे हे, शीघ्र ही जमीन का कब्जा मुझे नहीं मिला तो एक सप्ताह में तो प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष आत्मघाती कदम उठाने पर मजबूर होंगी।

# नवकार दिवस पर सामूहिक नवकार महामंत्र जाप का आयोजन



**सारंगपुर**। विश्व शांति एवं सद्भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नवकार दिवस के अवसर पर गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे श्री महावीर भवन में सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर श्रद्धा भाव से नवकार महामंत्र का जाप किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में समाजजनों ने एक स्वर में मंत्रोच्चार कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जाप में अशोक जैन, अरविंद चौधरी, विनोद लोढ़ा, सुबोध श्रीमाल, दिनेश लोढ़ा, अभय जैन, श्याम जैन, अरुण जैन, अखिलेश जैन, मनोज लोढ़ा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं महिला वर्ग से कांता बाई, तारा बहन चौधरी, विजया लोढ़ा, अनिता जैन एवं संगीता चौधरी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की प्रभावना दिनेश लोढ़ा एवं राजेश जैन परिवार की ओर से की गई। आयोजन के अंत में सभी ने विश्व में शांति, भाईचारे एवं सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार की कामना की। इस प्रकार नवकार दिवस का यह आयोजन धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## किसानों से जुड़ी समस्याओं को दी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



किसने की विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर मुख्यालय पर धरना देते हुए तीखा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियवत सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर धरने में शामिल हुए धरने को संबोधित करते हुए वरिष्ठ इंकाइयों ने कहा कि वर्तमान मध्य प्रदेश सरकार को किसानों की जरा भी चिंता नहीं है। फसल खरीदी नहीं हो पा रही है। स्लॉट बुक है लेकिन किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहा है।

किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा खरीदी ना की जाने से किसानों को अपनी उपज खुले बाजार में बेहद कम दाम पर बेचना पड़ रहा है इससे छोटे किसानों की कमर टूट रही है। इन दोनों मौसम में बदलाव के कारण यदा कदा हो रही बारिश से कल्यानो में राखी किसने की फसल जहां बर्बाद हो रही है वहीं चारा, सूकला पूरी तरह से नष्ट हो चुका है। राज्यपाल के नाम सौंप गए ज्ञापन में मांग रखी गई की समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी करते हुए जल्द से जल्द खरीदी शुरू करवाई जाए।

### बिजली बिल तोड़ रहे किसानों की कमर

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है कि इन दिनों बिजली विभाग द्वारा भारी भरकम बिजली के बिल थोपे जा रहे हैं पहले से ही प्राकृतिक मार्ग झेल रहे किसान बिल नहीं भर पा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में वेद भाषा विद्युत कटी हुई थी का मसला भी ज्ञापन के जरिए उठाया गया।

# जानलेवा हमले के बाद पुलिस कार्रवाई से भड़का माली समाज, दी चेतावनी



**सारंगपुर**। नगर के बाग कुआं टंकी क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक पर हुए जानलेवा हमले ने अब तूल पकड़ लिया है। गंभीर रूप से घायल विमल पुष्पद जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। वहीं पुलिस द्वारा आरोपियों पर हल्की धाराओं में मामला दर्ज करने से फूलमाली समाज में भारी आक्रोश है। नाराज समाजजनो ने तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

### क्या है पूरा मामला?

घटना 6 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। विमल पिता कैलाशनारायण पुष्पद पर पिता-पुत्र और उनके साथियों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने उसके पेट, सिर और नाक पर गंभीर वार किए। हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।ज्ञापन में समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। माली समाज के जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद का कहना है कि यह स्पष्ट रूप से प्राणघातक हमला है, इसके बावजूद पुलिस ने मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों को जमानत पर छोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को धमका रहे हैं। वही माली समाज ने घटना को लेकर 7 दिन का अल्टीमेटम दिया नहीं तो होगा आंदोलन समाज के लोगों ने नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन पर धारा 307 (हत्या का प्रयास) जैसी गंभीर धाराएं नहीं लगाई गईं, तो माली समाज उग्र आंदोलन करेगा और थाने का घेराव किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद के नेतृत्व में पार्षद राकेश पुष्पद, अमित सुहानी, धनसिंह पुष्पद, विनोद पुष्पद, अशोक पुष्पद, दौलतराम पुष्पद आदि रहे मौजूद।

### इनका कहना हैं

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुनः जांच की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर उचित एवं सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अरविंद्र सिंह** एसडीओपी सारंगपुर।

# कार्यवाही: जनपद नरसिंहगढ़ के कई कर्मचारियों का वेतन काटा, कुछ अटैच

## समीक्षा बैठक में जिला पंचायत सीईओ के निर्देश



**राजगढ़**: जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में गुरुवार दोपहर ग्राम पंचायत स्तरीय योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने कार्यों में प्रगति न पाए जाने और अनुशासनहीनता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**'एक बगिया मां के नाम' अभियान**: के तहत ग्राम पंचायत टिकरिया में योजना का एक भी कार्य प्रारंभ न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ ने बी.पी.एम. एसआरएलएम, संबंधित उपयंत्री और कृषि सखी का 03-03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम पंचायत कांकरियामीना के ग्राम रोजगार सहायक को बैठक में अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से जनपद मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही मनरेगा एवं तकनीकी अमला जनपद की कुल प्रगति संतोषजनक न होने के कारण मनरेगा ए.पी.ओ और दो सहायक यंत्रियों का 03-03 दिन का वेतन काटने तथा ए.पी.ओ. का वेतन आगामी प्रगति आने तक रोकने के निर्देश दिए गए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**: ग्राम पंचायत लसुडल्यापाता में स्वीकृत 09 कार्यों में से एक भी कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित ग्राम रोजगार सहायक को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ अटैच किया गया। साथ ही उत्तरदायी उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्राम पंचायत बुचाखेड़ी के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक का 03-03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

## बेखौफ चल रही पोकलेन मशीनें, राजस्व को करोड़ों की चपत

# पार्वती की छाती छलनी करने में लगा रेत माफिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





सेमला पार सेकनपुर क्षेत्र में एक बार फिर रेत माफिया का आतंक शुरू हो गया है। प्रशासन की सुस्ती का फायदा उठाकर माफिया पार्वती नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सेमला पार और सेंकनपुर में पिछले एक हफ्ते से लगातार अवैध उत्खनन जारी है, जिससे न केवल पर्यावरण को क्षति पहुँच रही है, बल्कि शासन को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

### प्रशासनिक अनदेखी से बढ़े हौसले

सेमला पार और सेंकनपुर घाटों पर हो रहे इस अवैध कारोबार ने जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। पिछले एक सप्ताह से दिन-रात पोकलेन मशीनों द्वारा नदी से रेत निकाली जा रही है, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन के कारण नदी का जलस्तर और पारिस्थितिकी तंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिम्मेदार विभागों की चुप्पी माफियाओं को और अधिक बढ़ावा दे रही है।

### जानकारी मिली है

मुझे जानकारी मिली है कि नदी पर अवैध खनन हो रहा है। मैं खनिज विभाग को इस बारे में सूचित कर रहा हूं। हम जल्द ही अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचेंगे और जो भी व्यक्ति इसमें लिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

**रामनिवास धाकड़,**
सुठालिया तहसीलदार

### राजस्व की खुली लूट

नदी से अवैध रूप से निकाली जा रही यह रेत सीधे तौर पर सरकारी खजाने पर डाका है। जानकारों का कहना है कि यदि प्रतिदिन 50 ट्रैक्टर रेत निकाली जा रही है, तो इसका सीधा मतलब है कि शासन को मिलने वाला लाखों का रॉयल्टी शुल्क माफियाओं की जेब में जा रहा है। पिछले साल की जब्ती की कार्रवाई के बावजूद माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हुए हैं, जो स्थानीय प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है।

### प्रमुख बिंदु: एक नजर में खनन का सेमलापर और सेकनपुर पार्वती नदी घाट

- माफिया की ताकत: प्रतिदिन 40 से 50 ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन।
- भारी मशीनों का प्रयोग: पोकलेन मशीनों से खुलेआम हो रही खुदाई।
- आर्थिक नुकसान: राजस्व विभाग को अब तक करोड़ों की हानि होने का अनुमान।
- पुराना रिकॉर्ड: पिछले वर्ष भी अवैध खनन के चलते विभाग ने एक पोकलेन मशीन जब्त की थी।